भारत सरकार
विद्युत मंत्रालय
....
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1537
दिनांक 13 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ

दमण और दीव में विद्युत वितरण का स्वामित्व

1537. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल:

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उस समझौता ज्ञापन की प्रति सहित उन शर्तों का ब्यौरा क्या है जिनके तहत दमण और दीव विद्युत विभाग का 51 प्रतिशत हिस्सा टोरेंट पावर कॉरपोरेशन को हस्तांतरित किया गया था;

(ख) क्या उक्त समझौते में संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन/विद्युत विभाग द्वारा धारित अचल परिसंपत्तियों के हस्तांतरण के संबंध में शर्तें शामिल हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या विद्युत विभाग द्वारा टोरेंट पावर कॉरपोरेशन को हस्तांतरित परिसंपत्तियों और शेयरों के नवीनीकरण का कोई प्रावधान है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद नाईक)

(क) से (घ) : संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव (डीएनएच और डीडी) ने दिनांक 11 मार्च, 2022 को “दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव विद्युत (पुनर्गठन और सुधार) हस्तांतरण स्कीम, 2022” को अधिसूचित किया है, जिसका उद्देश्य ‘विद्युत विभाग’ और ‘डीएनएच पीडीसीएल’ की परिसंपत्तियों, देनदारियों, अधिकारों, कार्यों आदि के साथ-साथ विद्युत कार्यों को दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को हस्तांतरित करना है।

इसके बाद, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की 51% शेयरधारिता को संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासक, टोरेंट पावर लिमिटेड और डीएनएच और डीडी विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के बीच दिनांक 15 मार्च, 2022 को हुए शेयर क्रय करार के माध्यम से टोरेंट पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड को हस्तांतरित कर दिया गया।

हस्तांतरण स्कीम के खंड 4.1 के अनुसार, परिसंपत्तियों, कार्यवाही और देनदारियों सहित विद्युत वितरण और खुदरा आपूर्ति उपक्रम हस्तांतरण स्कीम की अधिसूचना तिथि से दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को हस्तांतरित और निहित हो गए हैं। इसके अलावा, हस्तांतरण स्कीम की अनुसूची क के अनुसार, वितरण कंपनी संघ राज्य क्षेत्र में खुदरा उपभोक्ताओं को विद्युत की आपूर्ति के लिए उप-पारेषण और वितरण प्रणालियों की आयोजना, डिजाइन, वित्तपोषण, निर्माण, रखरखाव और प्रचालन के लिए जिम्मेदार है।

शेयर क्रय करार और हस्तांतरण स्कीम की प्रतियां दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव संघ राज्य क्षेत्र की वेबसाइट पर निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध हैं

https://dded.gov.in/privatisation-documents.php.

****